सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 251 | इंदौर, शुक्रवार 22 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Arvind Kejriwal Arrest : आज कोर्ट में केजरीवाल की पेशी, 'आप' ने किया प्रदर्शन; हिरासत में कई कार्यकर्ता**
2. **LS Polls: कर्नाटक में कांग्रेस की तीसरी सूची पर सियासी बवाल, 17 में से 11 उम्मीदवार मंत्रियों के रिश्तेदार**
3. **JNU Election: जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के लिए वोटिंग, मतदान केंद्र पहुंच रहे छात्र; शाम 5 बजे तक डाले जाएंगे वोट**
4. **Dhar Bhojshala Survey: भोजशाला सर्वे आज से, ASI की 20 सदस्यीय टीम पहुंची, जुमे की नमाज को लेकर यह बोला प्रशासन**
5. **Electoral Bonds: इस एक कंपनी ने ही भाजपा को दिया 500 करोड़ का चंदा, टीएमसी को 'फ्यूचर' का मिला सहारा**
6. **US: शिकागो से शुरू होगी राम मंदिर रथ यात्रा, 60 दिनों में 48 राज्यों के 851 मंदिरों का किया जाएगा दौरा**

# 75 नर्सिंग कॉलेजों में मिली खामियां

## भोपाल, ग्वालियर, इंदौर समेत दूसरे शहरों के कॉलेज मानकों पर अधूरे, सीबीआई की रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश के 75 नर्सिंग कॉलेज इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) के मानकों को पूरा नहीं कर रहे। इन 75 नर्सिंग कॉलेजों की जांच रिपोर्ट गुरुवार रात सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (सीबीआई) ने जारी की है।



भोपाल के सबसे बड़े हमीदिया अस्पताल में संचालित गवर्नमेंट स्कूल ऑफ नर्सिंग और भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर में संचालित भोपाल नर्सिंग कॉलेज में भी खामियां मिली हैं। भोपाल के 10 नर्सिंग कॉलेजों को पैरामीटर्स पर अयोग्य माना है। इनमें सात प्राइवेट हैं।

उल्लेखनीय है सीबीआई ने मप्र हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रदेश में संचालित सभी सरकारी और प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों का इंस्पेक्शन कर जांच रिपोर्ट तैयार की थी। सीबीआई ने कॉलेजों का निरीक्षण एनआईसी के मानकों को आधार बनाकर किया था। निरीक्षण रिपोर्ट ने सरकारी और प्राइवेट 75 नर्सिंग कॉलेजों में खामियां बताई हैं। राज्य सरकार ने इन खामियों को दूर करने के लिए एक कमेटी बनाई है। जो कॉलेज खामियां कम दूर नहीं कर पाएंगे, उनकी संबद्धता निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### ये खामियां मिली नर्सिंग कॉलेजों में

हमीदिया नर्सिंग कॉलेजः प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल के बगैर ही कॉलेज संचालित हो रहा है। विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर फैकल्टी का अनुपात नहीं है। क्लास रूम नंबर 2 नियमों के अनुसार सही नहीं मिला। कम्प्यूटर लैब में कोई कम्प्यूटर ही नहीं मिले।

### हाईकोर्ट में दी गई थी सरकार के नियमों को चुनौती

मप्र हाईकोर्ट में नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने संबंधी राज्य शासन द्वारा बनाए गए नए नियमों को चुनौती दी गई थी। इस मामले में हुई सुनवाई में शासन ने अंडरटेकिंग दी कि अगली सुनवाई 2 अप्रैल तक नर्सिंग कॉलेज 8000 वर्गफीट पर संचालित हो सकने वाले नियम लागू नहीं किए जाएंगे।

# होली पर रहेगी गर्मी

## उज्जैन-नर्मदापुरम समेत 10 शहरों में तापमान 35 डिग्री पार, नए सिस्टम का ज्यादा असर नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। ओले-बारिश का दौर थमने के बाद मध्यप्रदेश में मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी के तेवर देखने को मिल सकते हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 23 मार्च से जो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है, उसका प्रदेश में ज्यादा असर नहीं रहेगा। इस कारण होली पर भी गर्मी रहेगी।

बता दें कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन समेत प्रदेश के शहरों में 26 से 31 मार्च के बीच दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से यही ट्रेंड देखने को मिल रहा है। अबकी बार भी ऐसा ही ट्रेंड रहने का अनुमान है। इससे पहले



गुरुवार को उज्जैन, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के 10 शहरों में पारा 35 डिग्री से अधिक रहा।

### तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। भोपाल में टेम्प्रेचर 36 डिग्री के पार पहुंच सकता है। इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, रतलाम, खंडवा, खरगोन, दमोह, धार, शाजापुर, बैतूल समेत कई शहरों में तापमान बढ़ा हुआ रह सकता है।

### पांच दिन तक चला ओले-बारिश का दौर

प्रदेश में पिछले 5 दिन तक ओले-बारिश का दौर चला। छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, रायसेन, जबलपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि के साथ बारिश का दौर चला। गुरुवार को यह दौर थम गया। अब गर्मी का असर बढ़ा रहेगा।

### यह है पारे स्थिति

गुरुवार को नर्मदापुरम में पारा 37.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, रतलाम, खंडवा और खरगोन में 36 डिग्री, बैतूल, शाजापुर, धार, उज्जैन और दमोह में पारा 35 डिग्री से अधिक रहा। पचमढ़ी में पारा सबसे कम 29.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, सीधी, सतना और मलाजखंड में पारा 30 डिग्री रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 34.5 डिग्री, इंदौर में 34.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.3 डिग्री, जबलपुर में 33 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# प्लास्टिक बॉटल, पेपर नैपकिन व बढ़ते वाहन दे रहे हैं पर्यावरण को चुनौती

## न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण में आम जन की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने पर्यावरण के संरक्षण में आम जन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है । उन्होंने कहा कि इस समय पर्यावरण को प्लास्टिक की बोतल, पेपर नैपकिन और बढ़ते हुए वाहन चुनौती दे रहे हैं । इस बारे में नागरिकों को जागरूक होना पड़ेगा ।**

### वे अभ्यास मंडल के द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में

संवैधानिक प्रावधान में पर्यावरण संरक्षण और आमजन की भुमिका विषय पर आयोजित मासिक व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे । न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि नई पीढ़ी में प्लास्टिक की बोतल और पेपर नैपकिन के प्रयोग का चलन बढ़ गया है । जो कि गलत है । इस पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि इन दोनों वस्तुओं के प्रयोग से पर्यावरण दूषित होता है । पेपर नैपकिन बनाने के लिए पेड़ों की बली ली जाती है । इस समय बढ़ते वाहन वह भी खासतौर पर शहरी क्षेत्र में, चिंता का विषय है । हवा का जो प्रदूषण है उसमें 40% प्रदूषण वाहन और यातायात से हो रहा है । हमारे संविधान में नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं और उसके साथ में बुनियादी कर्तव्य भी निश्चित है ।

उन्होंने कहा कि इस संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्व में वन को कायम रखने में नागरिकों की जिम्मेदारी को भी चिन्हित किया गया है । उन्होंने कई उदाहरण के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण में न्यायालय के द्वारा दिए गए योगदान की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि वन के रिसोर्स का बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए । हवा में प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ रही है । इसके पीछे कारण यह है कि वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है । एक समय हमारा मध्य प्रदेश जंगल से भरा हुआ प्रदेश था । उसी का परिणाम है कि आज हमें अच्छी और शुद्ध वायु मिल पा रही है । इस समय पूरा विश्व प्रदूषण से पीड़ित है ।

### रामायण, महाभारत काल में भी की गई पर्यावरण की चिंता

न्यायमूर्ति शुक्ला ने कहा कि रामायण और महाभारत के काल में भी पर्यावरण की चिंता की गई थी । अपनी बात को विस्तार देते हुए उन्होंने बताया कि जब वनवास पर भगवान राम गए थे तो उनसे मिलने के लिए राजा भरत जा रहे थे । उस समय पर राजा के आने के लिए रास्ते को साफ किया गया था । इसके लिए जितने पेड़ काटे गए थे उससे तीन गुना पेड़ राजा भरत के आदेश पर लगाए गए थे । महाभारत काल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब पांडव वनवास में थे तब एक दिन नकुल और सहदेव लकड़ी काट रहे थे । उसी समय धर्मराज युधिष्ठिर वहां पहुंच गए । उन्होंने इन दोनों को बहुत सारी लकड़ी काटते हुए देखकर कहा कि प्राकृतिक संसाधन का आवश्यकता के जितना ही उपयोग किया जाना चाहिए । यह दोनों उदाहरण अनादि काल से पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हमारी जागरूकता के प्रतीक हैं ।

### वरिष्ठ अधिवक्ता चितले जी ने उठाए सवाल

इस कार्यक्रम में 87 वर्ष की उम्र के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक चितले जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कई मूलभूत सवाल उठाएं । उन्होंने कहा कि वकालत करते हुए उन्हें 64 वर्ष हो गए हैं । उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के गेट के पास में अफ्रीकन प्रजाति का एक पेड़ लगा हुआ था जिसे की काट दिया गया है । क्यों काटा गया ? यह किसी को नहीं मालूम है । जिला कोर्ट 1905 में मनाया गया था । इसके गेट के पास में बरगद का पेड़ था । उसे भी काट दिया गया है । क्यों काटा किसी को नहीं मालूम ? अब इस कोर्ट को नए स्थान पर ले जाया जा रहा है । जहां इसे ले जाने की योजना है वह तालाब की जमीन है । उस जमीन पर कोर्ट को क्यों ले जा रहे हैं ? 1920 के बाद से इंदौर में कोई भी नया तालाब नहीं बना है । यह समय ग्लोबल वार्मिंग का समय है । हम सभी डेंजर जोन में है । हमें यह सोचना होगा कि हम अपने बच्चों को कैसा वातावरण देकर जाएंगे । अतिथियों का स्वागत अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, धर्मेंद्र चौधरी ,गौतम कोठारी मदन राणे , पद्मश्री भालु मोंढे, वैशाली खरे, पल्लवी अढ़ाव,दीप्ति गौड़ ने किया । कार्यक्रम का संचालन माला सिंह ठाकुर ने किया । अंत में आभार प्रदर्शन अशोक कोठारी ने किया ।

# भगवान महावीर का 2622वां जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भगवान महावीर स्वामी का 2622 वा जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल,रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर श्वेतांबर जैन महासंघ भव्य मंगल जुलुस निकालेगा। यह जानकारी देते हुए महासंघ के अध्यक्ष कैलाश नाहर व प्रचार सचिव योगेंद्र सांड ने बताया कि इस बार भी भगवान महावीर स्वामी चांदी के रथ पर सवार होंगे। भगवान महावीर के जीवन पर आधारित विभिन्न झांकियां होंगी। साथ में 45 महिला एवं पुरुष मंडली परमात्मा के भजन गाते हुए चलेगी ।इस बार मंगल जुलुस में मराठी समुह मंडली नृत्य करते हुए चलेगी, वही पंजाबी ढोल भी होगा। साथ में धार्मिक पाठशाला के 400बच्चे भगवान महावीर का उद्घोष करते हुवे चलेंगे। जुलुस में सबसे आगे बैंड बाजे,घोड़े और बग्गीया होगी। जुलुस की शुरुआत 21 अप्रैल रवीवार को प्रातः 8 बजे राजवाड़ा से होगी,जो खजूरीबाजार ,गोराकुंड,मल्हारगंज,बड़ा गणपति,महावीर बाग से दलाल बाग पहुंचेगा जो धर्मसभा में परिवर्तित हो जायेगा।

# कल भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर जिले के 62 और कंपनी क्षेत्र के सभी 434 बिजली बिल भुगतान केंद्र मार्च के अंतिम दो रविवार को भी खुले रखने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष के समापन माह में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति और उपभोक्ता सुविधा को देखते हुए उक्त निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार 24 मार्च और 31 मार्च रविवार को भी बिजली बिल भुगतान केंद्र कार्यालय अवधि के दौरान खुले रहेंगे। इसके अलावा बिजली उपभोक्ता मोबाइल, कम्प्यूटर, लैपटॉप, टेबलेट के माध्यम से कैशलेस तरीके से घर बैठे बिजली बिलों का भुगतान कर सकते है। कैशलेस भुगतान पर प्रति बिल पर बिजली नियामक आयोग के आदेशानुसार छूट भी प्रदान की जाती है। यह छूट अगले बिल में स्पष्ट दिखाई देती है।

# महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**इंदौर।** श्री जयंतीलाल हीराचंद संघवी गुजराती इनोवेटिव कॉलेज ऑफ कामर्स एण्ड साइस एवं नूतनबेन मनसुखभाई तुराखिया गुजराती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में वार्षिक गतिविधियों के अन्तर्गत दिनांक 21 मार्च 2024 को चेअरमैन नवनीतभाई पटेल, इनोवेटिव कॉलेज एवम चेयरमैन भावनेश भाई पटेल ,फामेर्सी कॉलेज के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य डॉ. सौरभ परीख के नेतृत्व में पुरस्कार वितरण समारोह का महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक आदि गतिविधियो के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनुराग सोनी , सी.ई.ओ.एप्पल हॉस्पिटल एवं विशेष अतिथि के रूप में श्री अतुल भाई शेठ, चेयरमैन एजुकेशन बोर्ड श्री गुजराती समाज स्कीम 54 उपस्थित रहे । स्वागत भाषण भावनेश भाई पटेल द्वारा दिया गया एवम आभार डॉ .आनंद बिरथरे ने व्यक्त किया।उक्त जानकारी प्रो प्राची मोटवानी ने प्रदान की ।

# टैगोर शिक्षा महाविद्यालय, इंदौर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** टैगोर शिक्षा महाविद्यालय, इंदौर में वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षिकाओं की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एवं विशिष्ट महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सुश्री शोभाताई पैठणकर संयोजिका (राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षक-शिक्षा, नई दिल्ली), प्रमुख्य वक्ता डॉ. सुनीता जोशी सहसंयोजिका (राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षक शिक्षा), डॉ. राजकुमारी सिलावट जिला समन्वयक (राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षक शिक्षा), डॉ. सुनंदा जैन चिकित्सक (अर्पण हॉस्पिटल इंदौर), शशि तोषनीवाल अध्यक्ष (लायन क्लब, इंदौर), सौम्या जैन संचालिका (उन्मुक्त आँगन वृद्धाश्रम, बालश्रम, इंदौर), सुनीता जैन, उपाध्यक्ष (नूतन शिक्षण समिति, इंदौर), इसके अलावा संतोष जैन संस्थापक (नूतन शिक्षण समिति, इंदौर) प्राचार्या डॉ. दीपा जैन द्वारा भारत की शिक्षण संस्कृति को अनुपम अद्भुत और अविस्मरणीय बताया । कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

कटाक्ष




# निगम द्वारा बकाया राशि होने पर संपति कुर्क के साथ ही नीलामी की कार्यवाही

## सहारा इंडिया सिटी होम्स की संपति की होगी नीलामी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अपर आयुक्त राजस्व अभिलाष मिश्रा ने बताया कि आयुक्त शिवम वर्मा के निदेशानुसार राजस्व की बकाया राशि होने पर बकायादारो के विरूद्ध जब्ती/कुर्की की कार्यवाही की जकर नीलामी की भी कार्यवाही जा रही है, इसी क्रम में झोन क्रमांक 19 अंतर्गत स्थित संपति सहारा इंडिया कमर्शियल कारपोरेशन लिमिटेड सहारा सिटी होम्स पता सर्वे 167 से 187 तक ग्राम भिचोली मरदाना बायपास रोड (क्षेत्रफल 18066.46 वर्ग मीटर रिक्म भूखण्ड) पर बकाया राशि 22 करोड 94 लाख से अधिक होने पर पूर्व में कुर्की की कार्यवाही की गई थी।

अपर आयुक्त श्री मिश्रा ने बताया कि आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार शहर में ऐसी संपति जिन पर राजस्व बकाया होने पर जब्ती/कुर्की की कार्यवाही की गई थी, उपरोक्तानुसार नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत उपरोक्तानुसार संपति को झोन राजस्व विभाग में निगम देय संपतिकर एवं अन्य कर की राशि बकाया होने व कुर्की की कार्यवाही के क्रम में जो है जेसा है, जहां है जैसी है के आधार पर दिनांक 26 मार्च 2023 को नीलामी की कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा समस्त सहायक राजस्व अधिकारी व बिल कलेक्टर को निर्देशित किया गया है कि ऐसे बकायादार जिनकी संपति को पूर्व में कुर्क किया गया था, ऐसे बकायादारो की संपति को नीलामी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# मतदाता जागरूकता के संबंध में आज दो बैठकें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिये स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मतदाताओं को अपने मताधिकार के संबंध में जागरूक करने के लिये विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही है। इन्हें और अधिक प्रभावी तथा परिणाममूलक बनाने के लिये चर्चा हेतु कलेक्टर कार्यालय में 22 मार्च दो बैठकें आयोजित की गई है। पहली बैठक सुबह साढ़े 11 बजे से आयोजित होगी। इस बैठक में स्वीप अभियान से जुड़े नोडल अधिकारी शामिल होंगे। इसी तरह दूसरी बैठक शाम 3 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में सभी कॉलेजों के प्राचार्य और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# इंदौर-बैंगलुरु-लक्षद्वीप के लिए फ्लाइट 31 मार्च से

## 7.30 घंटे में पहुंचा देगी; 35 हजार लग सकता है आने-जाने का किराया

**इंदौर। इंडिगो एयरलाइंस बैंगलुरु से लक्षद्वीप के लिए सीधी उड़ान 31 मार्च से शुरू करने जा रही है। इसका फायदा इंदौर को मिलेगा क्योंकि इसे एयरलाइंस ने इंदौर से जोड़ किया है। इंडिगो की इस फ्लाइट के जरिए इंदौर से लक्षद्वीप जाने वाले यात्रियों को इंदौर एयरपोर्ट पर ही सारी औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। वहीं यात्री को लगेज भी इंदौर से ही लोड हो जाएगा जो सीधे लक्षद्वीप में उतरेगा। बीच के एयरपोर्ट पर सामान लोड-अनलोड करने की झंझट नहीं रहेगी यानी यात्री को बस खुद बैंगलुरु में प्लेन बदलना रहेगा।**

### यह है संभावित किराया, सीजन में घट-बढ़ संभव

ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन ने बताया इंडिगो की नई उड़ान 6ए-7271 और 7272 बेंगलुरु से सुबह 10.25 बजे रवाना होकर दोपहर 1 बजे लक्षद्वीप के अगाती एयरपोर्ट पहुंचेगी। सीजन के लिहाज से यह घट-बढ़ सकते हैं। एयरलाइंस से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर से बेंगलुरु और बेंगलुरु से अगाती के लिए फ्लाइट का किराया 12 हजार 900 रूपए से लेकर 22 हजार रुपए तक है। वहीं अगाती से बेंगलुरु और बेंगलुरु से अगाती के लिए किराया 15 हजार से लेकर 24 हजार रुपए तक है। ट्रैवल एजेंट की मानें तो अगर से इंदौर से कोई यात्री इकोनॉमी क्लास से लक्षद्वीप जाता है तो उसे इंदौर से आने जाने में लगभग 35 हजार रूपए का खर्च करना होगा।

### इंदौर से 30 किग्रा तक लगैज साथ ले जा सकेंगे

डोमेस्टिक फ्लाइट में जहां लगेज की वेट लिमिट 14 से 15 किलो होती है और इंटरनेशनल में 30 किलो तक। ऐसी स्थिति में अगर यात्री इंदौर से डोमेस्टिक फ्लाइट से किसी शहर जाते हैं तो उन्हें डोमेस्टिक वेट लिमिट की ही छूट मिलती है और अतिरिक्त के लिए पैसे चुकाने पड़ते हैं, जबकि कनेक्शन फ्लाइट में वे इंदौर से ही 30 किलो तक लगेज ले जा सकेंगे। यानी इंदौर से अगाती जाने वाले यात्री बेंगलुरु तक भी 30 किलो तक का लगेज ले जा सकेंगे।

### अभी सिर्फ कोच्चि से हैं दो उड़ानें

जादौन ने बताया कि अभी भारत से लक्षद्वीप जाने के लिए सिर्फ कोच्चि से दो उड़ानें उपलब्ध हैं। एक एयर इंडिया एक्सप्रेस की और एक अलायंस एयर की। अब इंडिगो की नई फ्लाइट बेंगलुरु से शुरू होने से पूरे देश के यात्रियों को फायदा मिलेगा, क्योंकि कोच्चि तक जाने के लिए भी बहुत सुविधाएं मौजूद नहीं थीं। इंदौर से यात्रियों को बेंगलुरु से कोच्चि होते हुए लक्षद्वीप जाना पड़ता है। अब बेंगलुरु से उड़ान शुरू होने से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा। कंपनी की वेबसाइट पर इंदौर से बेंगलुरु होते हुए लक्षद्वीप जाने-आने का किराया 35,500 रुपए है।

# आग की घटना से सहमा विवि प्रशासन

### निगमायुक्त से की अवैध गुमटियां हटाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चार दिन पहले हुई आग की घटना के बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय प्रशासन सहमा हुआ है। ग्वालटोली-आरएनटी मार्ग पर आइल पेंट और गैरेज में आग लगी थी। कुछ दुकानें जलकर खाक हो गई। ये दुकानें विश्वविद्यालय के नालंदा परिसर की बाउंड्री पर बनी हैं। इसी परिसर में विश्वविद्यालय का प्रशासनिक कार्यालय तो है ही, विश्वविद्यालय की प्रेस और अधिकारियों के आवास भी बने हुए हैं। विवि के रजिस्ट्रार अजय वर्मा ने निगमायुक्त को पत्र लिखकर अवैध गुमटियों को हटाने की मांग की है।**

रजिस्ट्रार ने निगमायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि विवि परिसर की जमीन पर बनाई गई अवैध गुमटियों में पेंट, तेल, डीजल और बेट्रियों से जुड़ा कारोबार होता है। यहां अवैध गुमटियां बनाई गई हैं, वहीं पास में ही विवि की प्रेस, अंकेक्षण विभाग भी है। अवैध गुमटियों में आग या हादसे के चलते विवि की संपत्तियों, रिकार्ड को नुकसान की आशंका है। वहीं, परिसर में रहने वालों की जान का खतरा भी है। रजिस्ट्रार ने निगमायुक्कत से आग्रह किया है कि विवि के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करें।

विवि के खंडवा रोड की जमीन पर भी अतिक्रमण है। हालांकि प्रशासन या निगम विवि की सुनवाई नहीं करता। आइइटी कैंपस के बाहर न केवल पक्के घर बना लिए गए हैं, बल्कि रसूखदार ट्रक पार्क भी करते हैं। देवी अहिल्या विवि ने पुलिस थाने से लेकर पानी की टंकी और रिंग रोड निर्माण के लिए अब तक कई एकड़ जमीन प्रशासन को दान भी की है। हालांकि विवि की मदद के नाम पर न तो प्रशासन, न निगम और न पुलिस आगे आती है।

→संभागायुक्त दीपक सिंह ने राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की

# डायवर्सन की बकाया राशि जमा नहीं करने वालों की संपत्ति होगी कुर्क

## श्री सिंह ने सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय पर निराकृत करने के निर्देश दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संभागायुक्त दीपक सिंह ने इंदौर कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में जिले की सभी राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में निराकृत हो। लंबित प्रकरणों निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में बताया गया कि डायवर्सन की बकाया राशि जमा नहीं करने वालों की संपत्ति कुर्क की जायेगी।

बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी, श्रीमती निशा डामोर सहित सभी एसडीएम मौजूद थे। बैठक में दीपक सिंह ने राजस्व न्यायालयवार प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रकरणों के निराकरण में तेजी लायी जाये। डायवर्सन राशि के सभी बकायेदारों को नोटिस तामिल हो यह सुनिश्चित किया जाये। बकायेदारों को समय पर राशि जमा करने की सूचना मोबाइल पर देने की व्यवस्था की जाये। इसके लिये बकायादारों



को नियम अंतराल पर लगातार एसएमएस पर सूचना मिलती रहे यह तय किया जाये। उन्होंने नक्शा तरमीम, समग्र ई-केवायसी, नामांतरण और बटवारे के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने डायवर्सन टेक्स की वसूली की समीक्षा के दौरान कहा कि पहले बड़े बकायदारों से वसूली करने के प्रयास किये जाये। निर्धारित समय पर बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाये।

रंगपंचमी की गेर में इस बार नजर आएगा

# अयोध्या में बने राम मंदिर में 16 फीट के रामलला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हिंद रक्षक संगठन की राधा-कृष्ण यात्रा रंगपंचमी पर 30 मार्च को निकाली जाएगी। इसमें पहली बार अयोध्या के राम मंदिर में 16 फीट के रामलला नजर आएंगे। आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी है। आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी एक हजार कार्यकर्ताओं के हाथ सौंपी गई है। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। यात्रा 27 वर्ष में प्रवेश कर चुकी है।**



यात्रा का यह 27वां वर्ष है। यात्रा की शुरुआत गेर के धार्मिक स्वरूप को लौटाने की भावना से की गई थी। संयोजक एकलव्य सिंह गौड ने बताया कि इस वर्ष अयोध्या में बने राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई जाएगी जिसमें रामलला भगवान विराजित होंगे। यात्रा में टेसू के फूलों का ही प्रयोग किया जाएगा। एक रथ (टैंकर स्वरूप) बनाया जाएगा जिसमें भगवान कृष्ण के रूप में युवक रंग उड़ाते चलेंगे। यात्रा के आगे भगवाध्वज वाहिनी रहेगी। भगवान के विभिन्न चित्रों के साथ भजन मंडली रहेगी। भगवान के विग्रह भी बनाए जाएंगे। एक अतिथि रथ रहेगा जिसमें विशिष्ठजन रहेंगे। यात्रा में हजारों मातृ शक्ति भी शामिल होती है। इनके लिए युवकों द्वारा सुरक्षा घेरा बनाया जाता है। संगठन के एक हजार कार्यकर्ता जैकेट पहन कर चलेंगे। इस वर्ष मातृ शक्ति भी सुरक्षा प्रहरी बन कर साथ चलेगी। बैठक में विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड, शंकर यादव, गिरधर नागर आदि मौजूद रहते हैं।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी गठित

## भारत निर्वाचन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों का कमेटी करेगी परीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य शासन द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किए जाने वाले विभागों के प्रस्ताव का परीक्षण/अनुशंसा करने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है। समिति में प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन तथा प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले विभागों से संबंधित अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव सदस्य होंगे। लोकसभा निर्वाचन-2024 के संदर्भ में जारी आचार संहिता के दौरान अब कोई भी विभाग अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण / अनुशंसा के पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन और उसके अनुसार परीक्षण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सु-संगत निर्देशों/आदेशों का हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव क्यों अत्यन्त महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है।

# भोपाल में चुनावी थाली सबसे महंगी

## चुनाव आयोग ने 100 रुपए तय की दर, इंदौर में 80 तो ग्वालियर में 40 रुपए रेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को रोजाना 50 कार्यकतार्ओं को खाना खिलाना है तो उनके चुनाव खर्च में 5 हजार रुपए जुड़ेंगे। वहीं, रतलाम सीट से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का चुनाव खर्च केवल 2500 रुपए होगा।**

दरअसल, चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारियों ने हर लोकसभा सीट के लिए वस्तुओं के दाम तय कर दिए हैं। ये दाम सभी लोकसभा सीटों पर बाजार दर के मुताबिक तय किए गए हैं। इसके हिसाब से देखें तो शहरी सीट से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का चुनाव खर्च, ग्रामीण ग्रामीण इलाकों की लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों से 25 से 30 फीसदी ज्यादा होगा। जबकि दोनों के खर्च की सीमा एक जैसी है।



जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जारी वस्तुओं के दामों की तुलना की तो पाया कि चाय, खाना, नाश्ता, गाड़ियों के इस्तेमाल पर शहरी और ग्रामीणों इलाकों में अलग-अलग दरें तय की गई हैं। इन दरों के हिसाब से ही प्रत्याशी चुनाव में खर्च कर सकेंगे।

### भोपाल में चुनावी थाली महंगी, ग्वालियर में सस्ती

भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर इन चार बड़े शहरों से लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का खर्च अलग-अलग वस्तुओं के लिए अलग-अलग होगा। भोपाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए सामान्य थाली की दर 100 रुपए तय की है। जबकि, इंदौर में 80 जबलपुर में 77 रुपए तो ग्वालियर में ये 40 रुपए है। भोपाल के प्रत्याशी यदि स्पेशल लंच पैकेट पर खर्च करते हैं तो 180 रुपए उनके खर्च में जुड़ेंगे। वहीं इंदौर में 150 रुपए ग्वालियर में 80 रुपए तो जबलपुर में वीआईपी थाली के 97 रुपए तय किए गए हैं।

# कंटेनर से 1 करोड़ 17 लाख की शराब बरामद, 1 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर-मालवा।** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पुलिस प्रशासन को आगर जिले के सुसनेर में मादक पदार्थ के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने डेढ़ करोड़ से भी अधिक की शराब का एक कंटेनर जब्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेजा गया है। पकड़ी गई शराब की कीमत 1,17,67,200 रुपए है। जब्त शराब कि मात्रा 10539 लीटर है। इसमें कई प्रकार के ब्रांड की शराब शामिल है। गुरुवार को सुसनेर एसडीओपी देवनारायण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए सुसनेर थाना पुलिस टीम ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर सोयत से सुसनेर आ रहा कंटेनर को जांच के लिए डाक बंगला चौराहा, आगर- सुसनेर रोड पर नाकाबंदी कर रोका गया। चालक जगदीश पिता प्रेम प्रकाश गौड जाति ब्राह्मण उम्र 25 साल निवासी राजस्थान कंटेनर में भरी अवैध अंग्रेजी शराब की कुल 1021 पेटी शराब के विक्रय और परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने उक्त शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उक्त शराब के विक्रय और परिवहन के संबंध में जांच जारी है।

**ये सामान किया जब्त :** कंटेनर से शराब की कुल 1021 पेटियां कुल 10539 बल्क लीटर शराब कीमत 1,17,67,200 रुपए बरामद की गई। कंटेनर टाटा मोटर्स हेवी गुड्स व्हीकल ट्रक क्रमांक फ्ख्19ॠ35019 कीमत 35 लाख रुपए और एक सैमसंग कंपनी का एंड्रोयड मोबाइल किमती 20 हजार रुपए और नकदी 2000 रुपए जब्त किया। पुलिस ने कुल 1,52,67,200 /- रुपए (एक करोड़ बावन लाख सडसठ हजार दो सौ रुपए) का मश्रुका जब्त किया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक गगन बादल, सूबेदार जगदीश यादव, उनि दीपक विश्वकर्मा, उनि प्रकाश चंद्र चौधरी, सउनि एम धर्मेन्द्र पाटीदार, प्र.आर. उपेन्द्र गुर्जर, प्र. आर. दिलीप भाटी, प्र.आर. हरिश यादव, प्र.आर. रामसेवक मीना, आर. पदम शाक्य, आर. दैवेन्द्र गुर्जर, सैनिक ईश्वर, सैनिक रविन्द्र, सैनिक धर्मेन्द्र की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने उक्त टीम को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है ।

# 24 घण्टे के अंदर अंधे कत्ल का खुलासा

## →नशे की हालत में आरोपी ने ईंट से वार कर की थी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** नवागत पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं ग्रामीण तरुणेंद्र बघेल व मनोहर बारिया के नेतृत्व में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थानाध्चैकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया। जिसके परिणामस्वरूप एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे व थाना प्रभारी मेनगांव बलरामसिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस चैकी जैतापुर द्वारा अंधे कत्ल का खुलासा करने में 24 घंटे में पाई सफलता। पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आरोपी के विरुद्ध, पूर्व में मृतक की पत्नी ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट लिखाई थी।घटना वाले दिन मृतक को आरोपी ने शराब पिलाई गई थी । नशे की हालत में आरोपी ने ईंट से वार कर हत्या की थी।

पुलिस ने बताया कि 18 मार्च को सुबह मेहरजा फाटा यात्री प्रतिक्षालय मे कैलाश पिता सोदान कण्डोले जाति मोची उम्र 44 साल निवासी माता चैक मंदिर के पास जैतापुर का शव मिला था। जिसके दोनो आँखो के ऊपर व सीर मे चोट के निशान थे। मौके पर जिला अधिकारी सुनील मकवाना एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट महेश गहलोत द्वारा अपनी प्रशिक्षित टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये। मृतक के भाई सुरेश पिता सौदान कण्डोले की सूचना पर थाना मेनगांव पर मर्ग क्रमांक 16/24 धारा 174 जा. फौ. का कायम कर जाँच मे लिया गया।

मर्ग जाँच के दौरान परिजनो के द्वारा ग्राम गोविन्द चैहान निवासी ग्राम बिरोठी पर शंका जाहिर की गयी। जिसके संबंध में घटना दिनांक की रात्रि के सीसीटीव्ही फुटेज एकत्रित किये गए। जिनका बारीकी से विश्लेषण किया गया, तो घटना दिनांक की रात्रि में आरोपी गोविंद चैहान व मृतक कैलाश कंडोले साथ मे ही घूमते नजर आए। जिसके उपरांत सायबर सेल प्रभारी दीपक तलवारे व मुखबिरों की मदद से संदेही गोविंद की तलाश की गई, तो पता चला कि वह मानसी बस का ड्राइवर है और बस लेकर खंडवा गया है । तब पुलिस टीम ने बमनाला के पास जाकर रोड़ किनारे पुलिस जीप का बोनट खोल कर खड़ा कर दिया जिससे लगे कि पुलिस जीप खराब हो गई है। जैसे ही मानसी बस को चलाते हुए संदेही गोविंद आया, तो पुलिस ने बस को रुकवा कर बताया कि हमारी जीप खराब हो गई है, हमे खरगोन तक छोड़ देना। पुलिस बस में बैठ गई और जब गाड़ी बस स्टैंड पर पहुंची व बस की सभी सवारी उतर गई, तो बस ड्राइवर संदेही गोविंद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# सब इंस्पेक्टर से पिस्टल लूटने वाले बदमाशों के हाथ तोड़े

## आरोपियों को पकड़ने के दौरान टीआई भी हुए घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। जिले के बड़नगर में रुनिजा रोड़ पर बुधवार रात्रि को एक ढ़ाबे पर खाना खाने जा रहे सब इंस्पेक्टर को मदद मांगने के बहाने रोक कर तीन बदमाशों ने हमला कर सरकारी पिस्टल लूट ली। रात भर सर्चिंग के बाद पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे सब इंस्पेक्टर की पिस्टल बरामद कर ली। आरोपियों को पकड़ने के दौरान बड़नगर टीआई घायल हुए है। पुलिस मुठभेड़ में दोनों बदमाश भी घायल हुए है,जिन्हें अस्पताल ले जाकर पट्टा चढ़ाया गया।**

पुलिस ने बताया कि बुधवार-गुरुवार को रात करीब 12.20 बजे बड़नगर में नाइट गश्त पर जा रहे बड़नगर थाने के सब इंस्पेक्टर गोवर्धन बैरागी को रुनिजा रोड पर धाकड़ किराना दुकान और ढाबे के पास से तीन बदमाशों ने रोका। उन्होंने एसआई श्री बैरागी को रोक कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी युवकों ने सब इंस्पेक्टर की सर्विस पिस्टल,मोबाइल और पर्स छीनकर भाग गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एएसपी नितेश भार्गव सहित अन्य अधिकारी बड़नगर पहुंचे। पुलिस ने रात भर तलाशी के बाद घेराबंदी कर सरकारी कन्या स्कूल के बरामदे में सो रहे तीनों लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया हैं। गिरफ्तारी के दौरान भी बदमाशों ने पुलिस पर हमला किया जिससे बड़नगर टीआइ घायल हुए है। तीनों आरोपी संगम पेट्रोल पम्प पर काम करते हैं। बदमाशों में दो रिकॉर्ड शुदा हैं।

### देर रात आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

मामले में बड़नगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 136 और 294 के तहत मामला दर्ज किया है। देर रात आरोपियों की तलाश में पहुँची पुलिस को देखकर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों के बीच मुठभेड़ में टीआई मनीष मिश्रा के हाथों में चोट लगी जबकि तीनों आरोपियों में से एक के पैर में और दो के हाथों में भी गंभीर चोट आई हैं। बड़नगर थाना पुलिस ने बताया कि सब इंस्पेक्टर के साथ पिस्टल लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में एक आरोपी के खिलाफ बदनावर में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है,जबकि बाकी दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज होने की जानकारी भी पुलिस को मिली है।

# रेलवे स्टेशन से 6 वर्ष का बच्चा लापता

## पांच दिन से सुराग नहीं,परिजन रोज काट रहे जीआरपी थाने के चक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** रेस्टोरेंट में खाना बनाने की नौकरी करने वाले माता-पिता का 6 वर्ष का मासूम उज्जैन रेलवे स्टेशन से अचानक गायब हो गया। आज करीब पांच दिन बीत जाने के बाद भी मासूम का पता नहीं चल पाया है। फरियादी माता-पिता देवासगेट थाना पुलिस और जीआरपी के चक्कर लगा रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि मंडला जिले के रहने वाले रमेश साईयाम और उनकी पत्नी उज्जैन के गदा पुलिस इलाके में रह कर रेलवे स्टेशन के पास जय महाकाल रेस्टोरेंट में काम करते है। रोजाना की तरह अपने 6 वर्ष के मासूम बेटे अभिषेक को वहां खेलने के लिए छोड़ देते है। अभिषेक 17 मार्च को शाम होने तक घर नहीं पहुंचा और वो प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित माल गोदाम के पास से अचानक गायब हो गया। फरियादी रमेश ने बताया कि जीआरपी पुलिस के पास गए तो उन्होंने सीसीटीवी फुटेज दिखा दिया जिसमें बेटा एक बच्ची के साथ दिखाई दिया। बच्चे के पिता रमेश गुरुवार को एएसपी के पास बच्चे को खोजने की फरियाद लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि लापता होने के बाद जीआरपी ने बस फुटेज दिखाया 5 दिन हो गए अब तक बच्चे का पता नहीं चल पाया है। रमेश ने बताया कि बच्चे का नाम अभिषेक, उम्र 6 वर्ष, कद-2 फीट, रंग सांवला, कपडे-पीले रंग की टी-शर्ट, नीले रंग की जिंस पहना हुआ है। एएसपी गुरु प्रसाद पराशर ने कहा कि बच्चे की तलाश जारी है। शीघ्र ही बच्चे को ढूंढ कर माता पिता के सुपुर्द किया जाएगा।

New Delhi

# ISRO की बड़ी कामयाबी: दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' का सफल परीक्षण, जानें इससे क्या फायदा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)**इसरो को आज बड़ी सफलता मिली। दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार की सुबह करीब 7.10 बजे इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक के मामले में इसरो ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसरो इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग करा चुका है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के



दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है। पहले के परीक्षणों के आधार पर इसरो ने इस बार आरएलवी के एयरफ्रेम स्ट्रक्चर और लैंडिंग गियर को पहले की तुलना में और ज्यादा मजबूत बनाया ताकि लॉन्च व्हीकल लैंडिंग के वक्त ज्यादा भार को भी वहन कर सकें। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक मिशन को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर ने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर और इसरो की इर्सियल सिस्टम्स यूनिट के साथ मिलकर पूरा किया गया।

New Delhi

# ममता बनर्जी को 542 तो स्टालिन को 503 करोड़ रुपये

## → 'लॉटरी किंग' ने 2 दलों पर जमकर बहाया धन

**नई दिल्ली, (एजेंसी) SBI यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के साथ इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा साझा किया है। ताजा डेटा सेट में यूनिक कोड भी शामिल है। इस जानकारी के सामने आते ही साफ हो गया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के सबसे बड़े खरीदार Future Gaming and Hotel Services Pvt Ltd है।**

लॉटरी किंग नाम से पहचाने जाने वाले सेंटियागो मार्टिन की कंपनी ने 1368 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे थे। उन्होंने ये बॉन्ड 12 अप्रैल 2019 से लेकर 24 जनवरी 2024 के बीच खरीदे थे। हालांकि, खास बात है कि मुख्य रूप से तमिलनाडु में संचालित होने वाली मार्टिन की कंपनी ने अन्य राज्यों में भी राजनीतिक दलों को चंदा दिया था। मार्टिन की तरफ से दिए इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाने में दो राजनीतिक दल सबसे आगे हैं। इनमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस और तमिलनाडु में सत्तारूढ़ एमके स्टालिन की डीएमके है। आंकड़े बता रहे हैं कि टीएमसी ने ने 542 करोड़ रुपये के बॉन्ड भुनाए। वहीं, डीएमके ने 503 करोड़ रुपये के बॉन्ड भुनाए। हालांकि, इनके अलावा भी कई दलों के नाम लिस्ट में हैं। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस ने 154 करोड़ रुपये, भारतीय जनता पार्टी ने 100 करोड़ रुपये और कांग्रेस ने 50 करोड़ रुपये भुनाए हैं। कंपनी ने सिक्किम के कुछ दलों को भी चंदा दिया है।

Bihar

## →बिहार के सुपौल में बड़ा हादसा

# कोसी नदी पर बन रहे पुल का गिरा स्लैब, एक मजदूर की मौत, कई दबे

**सुपौल, (एजेंसी)** बिहार के सुपौल में बड़ा हादसा सामने आया है. कोसी नदी पर बन रहे पुल का अचानक स्लैब गिर गया और इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है और कई मजदूरों के दबे होने की आशंका है. एजेंसी के मुताबिक सुपौल के जिला अधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि भेजा-बकौर के बीच मरीचा के पास एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरने से एक की मौत हो गई और नौ घायल हो गए.



Hyderabad

# मां-बेटी ने घर में घुसे बदमाश को खदेड़ा, बंदूक भी छीन ली; CCTV में कैद हुई बहादुरी

**हैदराबाद, (एजेंसी)** हैदराबाद के बेगमपेट की मां-बेटी की बहादुरी की खूब चर्चा हो रही है। दोनों ने हिम्मत दिखाते हुए घर में घुसे हथियार बंद बदमाशों का डटकर सामना किया। इस दौरान उन्होंने उसकी बंदूक छीन ली और उसे खदेड़ दिया। उनकी यह बहादुरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मां-बेटी ने मिलकर हैदराबाद में बंदूक की नोक पर होने वाली डकैती के प्रयास को विफल कर दिया। इस घटना की खूब चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घर में मौजूद महिला को जैसे ही भनक लगी कि वह मदद के लिए चिल्लाने लगी। इसके बाद उसकी बेटी भी मदद के लिए बाहर निकली और दोनों ने मिलकर हथियार से लैस बदमाश का विरोध किया। उसकी बंदूक भी छीन ली। हालांकि, वह भागने में सफल रहा।



खेल

# IPL 2024: सिर चढ़कर बोलेगा रोमांच...10 में से छह टीमें ही जीत पाईं खिताब, RCB समेत इन टीमों को लगाना होगा जोर

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण का धमाल सिर चढ़कर बोलने को तैयार है। दस टीमों के 10 कप्तान लीग का खिताब जीतने के लिए अपने तरकश का हर तीर आजमाकर क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच के सागर में गोते लगाने को मजबूर करेंगे। अब तक आईपीएल का खिताब मौजूदा 10 में से छह टीमों ने ही जीता है। देखना यह होगा कि इस बार अब तक खिताब से दूर दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स की किस्मत खुलेगी या फिर ट्रॉफी पुराने विजेताओं में से किसी एक के हिस्से आएगी।




**धोनी, विराट, रोहित, पंत पर नजर-** आईपीएल शुरू होने से पहले ही चर्चाओं के केंद्र में चार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत हैं। आईपीएल से ठीक एक दिन पहले चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी छोडऩे वाले धोनी के संन्यास की खत्म नहीं होने वाली चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। बीते 16 वर्ष से आरसीबी को खिताब नहीं दिला पाने वाले विराट कोहली पर इस बार उम्मीदों का भार बढ़ गया है। उनकी महिला टीम ने डब्ल्यूपीएल का खिताब जीतकर विराट से खिताबी उम्मीदों को और प्रबल कर दिया है। मुंबई को पांच खिताब दिलाने के बाद बीते तीन सत्र में खाली हाथ रहने के चलते कप्तानी गंवाने वाले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस बार हार्दिक पंड्या की कप्तानी में करिश्मा दिखान की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं सड़क दुर्घटना से उबरकर दूसरा जन्म पाने वाले ऋषभ पंत के लिए यह टूर्नामेंट उनके पदार्पण जैसा होगा।

**आईपीएल ने कई सितारों को दिया है जन्म-** इतिहास गवाह है, आईपीएल ने रातों-रात सितारों को जन्म दिया है। फिर चाहें वह जसप्रीत बुमराह हों, रिंकू सिंह, रवि बिश्नोई या फिर युजवेंद्र चहल। देखना होगा कि इस बार के आईपीएल में कौन सा नया सितारा चमकता है। आईपीएल खिताब के साथ इस बार टी-20 विश्वकप टीम का चयन भी दांव पर होगा, ऐसे में इस लीग के जरिए किसी नए क्रिकेटर की भी किस्मत खुल सकती है। हालांकि चयन के दावेदार क्रिकेटर चयनकर्ताओं को भरोसे में लेने के लिए अपना श्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।

**चेन्नई, मुंबई फिर खिताब के दावेदार-** सीएसके और मुंबई इंडियंस पांच-पांच खिताब के साथ आईपीएल की श्रेष्ठ टीमें हैं। सही मायनों में इस बार भी ये दोनों टीमें खिताब की प्रबल दावेदार हैं। सीएसके को ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में नया कप्तान मिला है, लेकिन दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी का उन्हें साथ मिलेगा। न्यूजीलैंड के युवा रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल उनकी ताकत होंगे। वहीं मुंबई के पास भी हार्दिक के रूप नए कप्तान होंगे, लेकिन रोहित बतौर बल्लेबाज छाप छोडऩे में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। स्मृति मंधाना ने आरसीबी के उद्घोष ए साला कप नाम दे (इस बार कप हमारा है) को चरितार्थ कर दिखाया। अब इसे सिद्ध करने की बारी विराट की है। कोलकाता को दो खिताब गौतम गंभीर ने अपनी कप्तानी में दिलाए हैं।

सिनेमा

# बॉलीवुड में रहने के लिए नोरा फतेही ने कर ली है मोटी चमड़ी, बोलीं- मैंने यहां लोगों को...



नोरा फतेही आज बॉलीवुड की पॉपुलर सेलेब्स में से एक हैं। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने के लिए नोरा ने काफी मेहनत की है। अब नोरा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान नोरा ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होता है। हालांकि नोरा ने बताया कि वह इन सब चीजों का खुद पर फर्क नहीं पड़ने देती हैं। नोरा ने बताया कि कैसे उन्होंने इंडस्ट्री और सोशल मीडिया पर सर्वाइव करने के लिए मोटी चमड़ी बना ली है।

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए नोरा ने कहा, 'काम ढूंढने के लिए या टाइपकास्ट होने पर आप किसी और को ब्लेम नहीं कर सकते। लोगों के पास समय नहीं है आपतो डिस्कवर करने का या एक्सप्लोर करने का। लोग बहुत बीजी हैं अपनी अगली हिट फिल्म के लिए या बड़े स्टार्स के साथ काम करने के लिए। यही वजह है कि मैं किसी और को ब्लेम नहीं करती हूं। यह मेरा जॉब है लोगों को प्रूव करने का। मुझे लोगों को दिखाना है कि देखो मैं मल्टीटैलेंटेंड हूं।'

नोरा ने आगे कहा, 'मैंने अपने कई एक्टर दोस्तों को टूटते देखा है या डिप्रेशन में जाते देखा है जब उनके पास बैक टू बैक प्रोजेक्ट्स नहीं आते हैं या एक प्रोजेक्ट खत्म होते ही उनके पास दूसरा प्रोजेक्ट नहीं है। मैं इंडस्ट्री को ऐसे खुद को तोड़ने नहीं देने वाली। मैंने इसलिए मोटी चमड़ी कर ली है ताकि सोशल मीडिया ना मुझे मारे। मैंने डिसाइड कर लिया है कि मैं एक्टिंग करूंगी क्योंकि मुझे सिनेमा पसंद है और इसी वजह से मैं यहां आई हूं। हालांकि इसके अलावा मैं बाकी चीजें भी करूंगी।'

# संपादकीय

## दारोमदार आखिरकार मतदाता पर

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बड़ी चुनौतीआम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। सात चरण में मतदान होंगे। पहले चरण के मतदान से लेकर नतीजों की घोषणा तक डेढ़ महीने चुनाव का माहौल बना रहेगा। पहले चरण के मतदान से पहले भी पूरा एक महीना राजनीतिक दलों को मिला है। यानी चुनाव कुल ढाई महीने की अवधि में फैला है। यों राजनीतिक दल इसके लिए काफी पहले से तैयारियों में जुट गए थे। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा, सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे आदि को लेकर मंथन काफी समय से चल रहा था। अब वे अपना-अपना समीकरण लेकर मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव का ज्यादा दारोमदार आखिरकार मतदाता पर होता है। वह चुनाव को क्या दिशा देता है, इस पर दुनिया की नजर टिकी होती है। मगर कुछ चुनावों के अनुभवों से जाहिर है कि मतदाता चुनाव को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाने के बाजाय दलगत उन्माद से भर जाते हैं। इसी का नतीजा कई जगहों पर राजनीतिक हिंसा में दिखाई देता है। कुछ राज्यों में हिंसा की घटनाएं चिंता पैदा करती हैं। इसी के मद्देनजर भारतीय निर्वाचन आयोग को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ती है। चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जा सकें, यह निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती होता है। चुनाव के वक्त राजनीतिक दल एक-दूसरे पर स्वाभाविक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। उसमें कई बार आपत्तिजनक बयान भी आ जाते हैं। उस पर नजर रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर पिछले कुछ चुनावों से देखा जा रहा है कि पार्टियों के समर्थक खुद राजनेताओं के बयानों के बचाव या विरोध में परस्पर गुत्थम-गुत्था हो जाते हैं। पश्चिम बंगाल और दक्षिण के कुछ राज्यों में ऐसा वातावरण कुछ अधिक देखने को मिलता है। लोकतंत्र में असहमति अच्छी बात है, मगर उसे लेकर हिंसा पर उतर जाना किसी भी रूप में लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। इससे नाहक निर्वाचन आयोग और सुरक्षाबलों की परेशानियां बढ़ती हैं। बहुत सारे मतदाताओं के मनोबल पर भी इसका असर पड़ता है और वे मतदान केंद्रों तक पहुंचने से हिचकते हैं।

**Quote...**

"Life is what happens when you're busy making other plans."

-John Lennon

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**शंका करने से पहले बहुत सावधान रहना...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**महिला जगत**

# भारत की मशहूर कवयित्रियां, जिनका साहित्य में रहा विशेष योगदान




21 मार्च को विश्व कविता दिवस मनाया गया। कविताएं भावनाओं की अभिव्यक्ति का खूबसूरत और प्रभावी जरिया है। कविताएं मानवीय अनुभवों, भावनाओं और विचारों को अद्वितीय ढंग से व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह एक साहित्यिक रूप है, जिसमें भाषा की सुंदरता और शब्दों की माहिरी का उपयोग होता है। विश्व कविता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को कविता के महत्व के बारे में जागरूक करना और इसकी प्रशंसा करना है। भारत की महिला कवयित्रियों ने साहित्य की विविधता में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया। विश्व कविता दिवस के मौके पर भारत की प्रमुख महिला कवयित्रियों के बारे में जानिए।

### →महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कुशल कवियत्री थीं। उन्हें छायावादी युग के चार प्रमुख कवियों में से एक माना जाता है। महादेवी वर्मा ने हिंदी साहित्य के अनेक आधुनिक कविता संग्रहों की रचना की है। उनकी कविताएं स्त्री शक्ति, सामाजिक न्याय, और स्वतंत्रता के मुद्दों पर आधारित हैं। महादेवी का जन्म उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में हुआ था। साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म विभूषण, साहित्य अकादमी फेलोशिप समेत कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

### →सरोजिनी नायडू

सरोजिनी नायडू को नाइटिंगेल ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है। वह स्वतंत्रता सेनानी के साथ ही प्रतिष्ठित कवयित्री भी थीं। साथ ही भारत की पहली महिला राज्यपाल बनीं। उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। उनकी कविताएं राष्ट्रीय भावनाओं, स्वतंत्रता के लिए लड़ाई, और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर आधारित हैं।

सरोजिनी नायडू की कविताओं में स्वतंत्रता संग्राम की ऊर्जा, महिलाओं के अधिकारों की प्राथमिकता, और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर उनका जोरदार विचार उजागर किया गया है। उनकी प्रमुख रचनाओं में "अ गोल्डेन थ्रेशोल्ड" और " द फेदर ऑफ डॉन" है।

### →मीरा बाई

सोलहवीं सदी की हिंदी कवयित्री मीराबाई की रचनाएँ आज भी चर्चित हैं। वो भक्तिकाल की सबसे चर्चित कवयित्री थीं, और श्रीकृष्ण की की परम भक्त थीं। उनके पदों में कृष्ण भक्ति की झलकती थी। मीराबाई का जन्म राजस्थान के पाली में हुआ था।

### →सुभद्रा कुमारी चौहान

भारत की सबसे लोकप्रिय कवयित्रियों में से एक सुभद्रा कुमारी चौहान हैं। उनकी कविता 'झांसी की रानी' बच्चे बच्चे को मुंह जुबानी याद रहती है। सुभद्रा कुमारी की कविताएं वीर रस की हैं। अंग्रेजों के खिलाफ उन्होंने अपनी लेखनी और कविताओं के जरिए आवाज बुलंद की, जिस कारण उन्हें कई बार जेल भी जान पड़ा। उनका जन्म निहालपुर गांव में हुआ था।

### →अमृता प्रीतम

अमृता प्रीतम एक उत्कृष्ट उर्दू और पंजाबी भाषा की लेखिका थीं। उनकी कविताओं में प्रेम, विरह और महिला अधिकारों के मुद्दे उजागर किए गए हैं। पंजाब के गुजरनवाला में जन्मी अमृता प्रीतम ने अपने करियर में 100 से ज्यादा किताबें और कविताएं लिखीं। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## Highlights

1. Atishi claims Delhi CM's arrest a BJP conspiracy
2. How much did 'Lottery King' Martin donate to different parties via electoral bonds?
3. PM Modi's visit to Bhutan: Strengthening bilateral ties
4. CCB Police Bust Illegal Drug Operation: Abdul Samad Apprehended
5. Tragic Car Crash Claims Lives of Umrah Pilgrims
6. Delhi minister claims Kejriwal's family put under house arrest
7. Bihar Day: Assam CM Himanta Biswa extends warm wishes

# Paytm's former employees are now running 22 startups worth over ₹10,000 crore: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm employees, who quit the fintech major to launch 22 startups over the years, have hit a collective valuation of ₹10,668 crore, according to a report from Private Circle. The group includes Pocket FM, co-founded by Rohan Nayak, former product manager at Paytm; Park+, founded by Amit Lakhotia, former business head of Paytm wallet and gold loan platform Indiagold, founded by Paytm's former SVP of product Deepak Abbot and Nitin Misra, former business head of Paytm Postpaid.

Other companies also include Junio, a digital pocket money platform for students, audio dating platform Frn, eyewear brand Cleardekh, Genwise Club, an online club for




elders, footwear brand Yoho, vending machine startup Daalchini and cybersecurity company Kratikal Tech.

The report claimed that most of these companies were founded following Paytm's ₹300 crore ESOP buyback in January 2018.

"This pivotal moment marked the ascent of the Paytm Mafia onto the startup stage, laying the groundwork for its subsequent expansion and influence," it said adding that around 24% of the startups are in the fintech sector, followed by e-commerce, media and entertainment and software-as-a-service. The companies have created 2,500 jobs in the country, with Pocket FM, Park+, Unnati, and Indiagold leading the list.

Not only Paytm but a recent report revealed that employees who left Flipkart are now part of companies worth $24.6 billion which include PhonePe, Groww, Udaan, Spinny, cult.fit, Slice, Navi, Curefoods, Credgenics, and OkCredit.

# Stock market today: Why are IT stocks falling after Accenture crash? These are the biggest losers

**NEW DEIHI, (Agency).** Stock market today: Following weak guidance delivered by Accenture, share price of the global IT major crashed over 9 percent at the New York Stock Exchange (NYSE) which resulted in a drop in the ADR (American Depository Receipt) shares of the Indian IT majors Wipro and Infosys.

How much have Accenture shares fallen?

Accenture share price witnessed a sharp sell-off as it revised full-year revenue growth expectation to 1 per cent to 3 per cent, lower than the early estimates of 3 per cent to 5 per cent. This caused Indian IT majors Wipro, Infosys, Tata Consultancy Services (TCS), and HCL Technologies to trade in red.

The Nifty IT index tanked over 3 percent and the biggest losers in the index were HCL Tech, Mphasis, Persistent Systems which lose over four percent each.

What Accenture said that led to the crash?

Accenture revised its full-year revenue growth projection as it has been grappling with sluggish demand for its IT and consulting services. The results also hint at economic uncertainty in global markets which is majorly affecting consultancies and leading to layoffs or a freeze on hiring.

# किडनैपिंग की कहानी रचने वाली छात्रा की तलाश जारी

## इंदौर के आसपास मिल रही लोकेशन, पुलिस की दो टीमें जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजस्थान के कोटा से गायब शिवपुरी की छात्रा के बारे में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। पहले अपहरण का कॉल, फिर खुद ही साजिश में शामिल होने जैसी बातें सामने आने के बाद अब उसकी लोकेशन को लेकर नई जानकारी सामने आई है। लडक़ी की लोकेशन इंदौर और आसपास के इलाके में बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच और राजस्थान पुलिस भी इंदौर में ही सक्रिय है। दोनों टीमें छात्रा और उसके साथी को खोज रही हैं। इस बीच छात्रा के पिता भी इंदौर पहुंच गए हैं। उनका कहना है कि बेटी के मिलने के बाद ही कुछ कह पाउंगा।**

इधर, क्राइम ब्रांच की टीम लडक़ी के साथी हर्षित की तलाश में उसके दोस्त के रूम पर भी पहुंची। क्राइम ब्रांच को हर्षित का मोबाइल उसके दोस्त के रूम पर ही पड़ा मिला। अधिकारियों की माने तो छात्रा ने जयपुर से नई सिम ली थी, जो बुधवार तक चालू थी। सिम की लोकेशन ट्रेस कर पुलिस पुलिस लडक़ी को ढूंढ रही थी। लेकिन अब उसने मोबाइल बंद कर लिया है।

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक काव्या और हर्षित को लेकर अभी भी इंदौर में क्राइम ब्रांच की टीमें सर्चिंग कर रही हैं। गजेंद्र उर्फ ब्रजेश और अमन को राजस्थान पुलिस अपने साथ ले गई है। जबकि हर्षित का मोबाइल गजेंद्र के कमरे पर ही मिला। जिसे क्राइम ब्रांच ने जब्त कर लिया। गजेंद्र की लोकेशन क्राइम ब्रांच को उसके रूम पर ही मिली। दूसरे साथी अमन ने पूछताछ में बताया कि वह काव्या और हर्षित को छोडऩे मेन रोड तक आए था। इसके बाद वह कहां गए उन्हें नहीं पता।

# पुलिस अफसर को लूटने वालों की बडऩगर में सर्चिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रेडियो-वायरलेस के एएसआई से चेन स्नैचिंग करने वाले कथित नागा साधु की लोकेशन उज्जैन जिले के बडऩगर के पास मिली है। टोल नाकों पर कार की लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस टीम कार की तलाश में रवाना हुई है।**

एरोड्रम इलाके में शिक्षक नगर के पास रेडियो-वायरलेस ऑफिस में पदस्थ एएसआई गोपाल बर्डे के साथ बुधवार सुबह चेन स्नैचिंग की वारदात हो गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले बर्डे को बातों में उलझा कर दो आरोपी उनके गले से चेन खींचकर फरार हो गए थे। एक आरोपी नागा साधु के भेष में था। जबकि दूसरे ने सामान्य साधु जैसे कपड़े पहने थे। कथित नागा साधु और उसके साथी के पीछे क्राइम ब्रांच की टीमें लगी हुई हैं। आरोपियों की लोकेशन बदनावर-बडऩगर के पास मिली है। वारदात के बाद आरोपी एरोड्रम से दिलीप नगर होते हुए हातोद, देपालपुर के रास्ते बडऩगर की तरफ गए हैं। रास्ते में पडऩे वाले टोल नाकों पर आरोपियों की कार ट्रेस हुई है। टोल से निकलने के पहले नागा साधु ने भेष भी बदल लिया। वह पूरे कपड़े पहने ड्राइवर के पास की सीट पर नजर आया है। पुलिस को आरोपियों के राजस्थान इलाके के होने की शंका है। कार की नंबर प्लेट भी निकाल दी है।

### ऐसे की थी वारदात

गोपाल बर्डे जब मॉर्निंग वॉक से वापस आ रहे तब शिक्षक नगर होंडा शोरूम के पास सफेद रंग की कार में बैठे युवक ने उन्हें रोका। कार के ड्राइवर ने शिव मंदिर का पता पूछा। इस दौरान नागा साधु ने रुद्राक्ष हाथ में देकर गोपाल बर्डे से हाथ की घड़ी अभिमंत्रित करने के लिए मांगी। घड़ी लौटाने के बाद नागा साधु ने आशीर्वाद देने के लिए गोपाल को पास बुलाया। गोपाल नागा साधु के पैर पडऩे के लिए कार की खिडक़ी के अंदर झांका तो साधु ने उसकी चैन तोड़ी और बाहर धक्का दे दिया। इसके बाद ड्राइवर कार भगा कर ले गया।

# कार से आए बदमाशों ने वाहनों में की तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नक्षत्र गार्डन के पास कार से आए बदमाशों ने शुक्रवार सुबह बाइक ओर कारों के कांच फोड़ दिए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। आसपास के फुटेज तलाशे जा रहे हैं। लसूडिय़ा और हीरानगर इलाके की सीमा के बीच बदमाशों ने शुक्रवार सुबह सडक़ पर खड़ी बाइक ओर कार पर कुछ लाल रंग की कार में आए बदमाशों ने पथराव कर दिया। जानकारी के मुताबिक बदमाश लाल रंग की कार से आए। टेली परफामेंस में काम करने वाले कर्मचारी मनकुमार से उनकी कहासुनी हो गई। जिसमें कार सवारों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसके बाद मनकुमार भागते हुए टेली परफामेंस के पास पहुंचा। जिसमें वहां बैठे गार्ड से उनसें डंडा लिया ओर युवक से विवाद किया। दोनो तरफ से हाथापाई होने के बाद कार सवार युवकों ने वहां खड़ी करीब आधा दर्जन से ज्यादा बाइको में तोडफ़ोड़ कर दी। वही कुछ कारो पर पत्थर फेंके ओर फरार हो गए। जानकारी के बाद लसूडिय़ा पुलिस मौके पर पहुंची। यहां कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# युवती से मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ में एक युवती के साथ मोबाइल लूट की वारदात हो गई। वह बुधवार को अपनी सहेली के साथ एक्टिवा से घर जा रही थी। मोबाइल पर बात करने के दौरान आरोपी हाथ से झपट् ?टा मारकर भाग गए। पुलिस के मुताबिक घटना आईटी पार्क चौराहे की है। यहां शिवानी वर्मा निवासी जबरन कॉलोनी अपनी सहेली रितिका के साथ मोबाइल पर बात करते हुए भंवरकुआ के आईटी पार्क से जूनी इंदौर की तरफ जा रही थी। तभी बाइक पर आए एक बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट्टा और भाग गए। शिवानी ओर उसकी दोस्त रितिका ने एक्टिवा से आरोपियों का पीछा भी किया। लेकिन वह हाथ नहीं आए। पुलिस के मुताबिक शिवाजी निजी कंपनी में काम करती है। पुलिस को आरोपियों के फुटेज मिले हैं। उसके आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

# बावड़ी हादसे में दो हिरासत में

**इंदौर। जूनी इंदौर में एक साल पहले हुए हुए बावडी कांड में पुलिस ने मंदिर प्रशासन से जुड़े दो लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में डीसीपी की टीम ने शुक्रवार सुबह दोनों को घर से ही हिरासत में ले लिया। पुलिस की एक टीम दोनों का मेडिकल परीक्षण कराने के लिये एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची है।**

जूनी इंदौर में हुए बावड़ी धंसने से 36 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। पुलिस ने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों पर एफआईआर की थी। जिसमें सेवाराम और मुरली को आरोपी बनाया गया था। इस मामलें में डीसीपी ऋषिकेश मीणा की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मेडिकल परीक्षण के बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर सकती है।

### समाज विरोध में उतरा

दोनों की गिरफ्तारी के बाद समाज सोशल मीडिया पर एक्टिव हो गया है। मंदिर से जुड़े लोग मैसेज कर रहे हैं कि 'सेवाराम गलानी जी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पूर्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि गिरफ्तारी नहीं होगी। गलत धाराएं लगी हैं, वह हट जाएंगी। लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

# मंडी जा रहे युवक को गोली मारी

### पीछे से आकर किया हमला

इंदौर। गोपुर चौराहे पर एक युवक को शुक्रवार सुबह गोली मार दी। युवक को गंभीर हालत में उसके परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। पुलिस के मुताबिक द्वारकापुरी में रहने वाले दीपक पुत्र परसराम नागर नाम के युवक को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। दीपक चोइथराम मंडी में हम्माली करता है। वह सुबह काम पर जा रहा था। इस दौरान उस पर हमला हुआ है। लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि दीपक के पीछे बाइक सवार दो युवक पहुंचे थे। उन्होंने ने दीपक पर फायर किया और भाग गए। दीपक के परिवार में उसके चार बच्चे हैं। सूचना के बाद उसके परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे हैं। डॉक्टरों की टीम दीपक का उपचार कर रही है। जहां दीपक पर हमला हुआ वहां आसपास के फुटेज पुलिस तलाश रही है।

# कर्मचारी ने की रेस्टोरेंट में चोरी

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके में रेस्टोरेंट में वहीं के कर्मचारी ने चोरी की। ताला टूटा होने की जानकारी रेस्टोरेंट के मैनेजर ने मालिक को दी। सीसीटीवी में नौकर हथौड़ी से कैश काउंटर का ताला तोड़ते दिख रहा है। फुटेज देखने के बाद पुलिस ने नौकर पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस कर्मचारी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक राकेश मोहितकर निवासी ओमेक्स सिटी 2 में का बायपास रोड़ स्थित एम्पायर मार्केट में अंग्रेजी-देशी रेस्टोरेंट है। उनके यहां कर्मचारी कान्हा खोडे निवासी ग्राम धनपड़ा बड़वाह सफाई का काम करता है। राकेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार 7 मार्च की रात रेस्टोरेंट बंद करके सभी कर्मचारी घर चले गए। अगले दिन रेस्टोरेंट बंद था तो मैनेजर शुभम राजपूत यहां पूजा करने शाम को पहुंचे। यहां देखा कि काउंटर का लॉक टूटा पड़ा है। और सामान बिखरा है। उसने मालिक राकेश को घटनाक्रम की जानकारी दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक